HINDUSTAN PAGE 4

# विद्यार्थी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दें : प्रो. आलोक

**लखनऊ।** बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट साइंसेज निकट बृज की रसोई सीतापुर रोड में मंगलवार को बीएड, बीएलएड, बीकॉम एवं बीबीए के सत्रारम्भ समारोह का आयोजन किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय मुख्य अतिथि रहे। प्रो.दिनेश कुमार व राज्य समन्वयक बीएड प्रवेश परीक्षा की प्रो. अमिता बाजपेई, प्रो.अवधेश त्रिपाठी एवं डिपार्टमेन्ट ऑफ मैनेजमेन्ट के प्रमुख संजय मेधावी उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ कालेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत से हुआ। कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने सर्वप्रथम लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षान्त समारोह में चान्सलर कांस्य पदक विजेता बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा पलक मिश्रा को प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया।

# देखा-देखी शुरू की पढ़ाई बन गए प्रशासनिक अफसर

लखनऊ विश्वविद्यालय 100 साल कुछ यादें कुछ किस्से 27


मनोज खरे

1978 में बीएससी में दाखिला लिया। वो आपातकाल के बाद का दौर था। पहली क्लास फरवरी 1979 में हुई। इंटरमीडिएट में 68, बीएससी में 61, एमएससी में 59 प्रतिशत अंक थे। कभी सोचा ही नहीं था कि प्रशासनिक सेवा से जुड़ेंगे। दो साल बाद बाहर रहने के बाद सितम्बर 1980 में एलबीएस छात्रावास में आया। 37 नम्बर कमरा था। छात्रावास का माहौल ही अलग था। उसी दौरान एसएस श्रीवास्तव जी का प्रशासनिक सेवा में चयन हुआ। उनकी खूब चर्चाएं होती। दो साल तो समझने में गुजर गए। इसी दौरान एक ग्रुप बना। जिसमें, जेबी सिंह, सुभाष चन्द्रा, जेपी पाण्डेय, अजय श्रीवास्तव और हम हुआ करते। हम लोगों ने प्रशासनिक सेवा के लिए तैयारी शुरू की। जेबी सिंह कमरा नम्बर 117 में रहते थे। असली तैयारी 1982 में एमएससी करने के बाद शुरू हुई। इसी साल हमारे ही छात्रावास के नरेन्द्र कुमार पाण्डेय का भी चयन हुआ था। जोश में तैयारी शुरू हुई। दूसरों की देखा-देखी शुरू की गई पढ़ाई अब जुनून बन गई थी। 15-15 घंटे पढ़ाई होती। 5-5 घंटे की तीन शिफ्ट। हम पांचों लोग एक साथ पढ़ते। नोट्स से लेकर किताबें साझा करते। जब पढ़कर परेशान हो जाते तो रात में कॉमन हॉल में टीटी खेलने का मजा ही दूसरा होता। जेबी सिंह जी का चयन 1986 में हुआ। आज वो पीडब्ल्यूडी में विशेष सचिव हैं। 1987 में मेरा सिलेक्शन हुआ। 1988 में अजय श्रीवास्तव , सुभाष और जेपी पाण्डेय की भी चयन हो गया। बाद में वो 1991 में सिविल सेवा में चयनित हुए। यही खूबसूरती है हमारे छात्रावासों की। छात्रावासों को लेकर लोगों की धारणा चाहें जो भी रही हो, लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रावास इस मामले में काफी अलग रहे हैं। जहां, एक-दूसरे की देखा दीं लोग आगे बढ़ते हैं। हमारे छात्रावास में उस समय बड़े बड़े छात्र नेता रहते थे। बीएससी के दो साल तो बाहर गुजारे थे। मैं भी शायद एलबीएस न आया होता तो आज तस्वीर कुछ और हो सकती थी।

**- मनोज खरे,** डीएफओ अयोध्या

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## 21 तक भरें बैक पेपर परीक्षा फॉर्म

**लखनऊ।** लविवि में बैकपेपर और इम्प्रूवमेंट परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 21 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। सभी क्लास जिनकी परीक्षा होकर रिजल्ट जारी हो चुका है, उनके विद्यार्थी ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। इसके लिए 500 रुपये विलंब शुल्क देना होगा। परीक्षा नियंत्रक प्रो. ए एन सक्सेना ने कहा है कि इसका प्रिंट आउट कॉलेज के विद्यार्थियों को कॉलेज तथा परिसर के विद्यार्थियों को विभाग में जमा करना है। फॉर्म परीक्षा विभाग को पूरी फीस के साथ 24 दिसंबर तक परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराने हैं। लविवि ने अभी परीक्षा की तारीख घोषित नहीं की है। इस साल की बैकपेपर परीक्षा भी ओएमआर पर ही आयोजित होगी। लविवि प्रशासन ने पहले लिखित परीक्षा कराने की बात कही थी, लेकिन बाद में उसे निरस्त करके ओएमआर पर पेपर कराने की सहमति बनी है।

## एमएड व एमपीएड की मेरिट लिस्ट जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमएड और एमपीएड में दाखिले के लिए ओवरऑल मेरिट लिस्ट मंगलवार को जारी कर दी। चयनित अभ्यर्थियों को 16 दिसंबर से इसकी फीस जमा करनी है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों कार्यक्रमों का शुल्क 16 दिसंबर को शाम पांच बजे के बाद से जमा होना शुरू होगा। आवंटन का परिणाम अनलॉक पोर्टल पर अभ्यर्थी की लॉइ इन पर उपलब्ध होगा।

## पीएचडी : 18 तक जमा करें फीस

**लखनऊ।** लविवि में पीएचडी की दूसरी सूची के अभ्यर्थियों के फीस जमा होने की शुरुआत मंगलवार से हो गई। अभ्यर्थियों को 18 दिसंबर तक फीस जमा करनी है।

## सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आवेदन की तिथि बढ़ी

**लखनऊ।** लविवि शिक्षक संघ की मांग पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आवेदन की अंतिम तिथि एक सप्ताह बढ़ा दी गई है। महामंत्री डॉ. विनीत वर्मा ने बताया कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रोजेक्ट पर प्रजेंटेशन के लिए सिर्फ मंगलवार का समय दिया गया था। इस पर उपमुख्यमंत्री को शिक्षकों की समस्या बताते हुए इसकी अवधि एक सप्ताह बढ़ाने की मांग की थी। मंगलवार को इसकी तारीख बढ़ा दी गई।



## पोस्टर एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता

अमर उजाला

लखनऊ। लविवि के अर्थशास्त्र विभाग में मंगलवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत पोस्टर एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। इसमें 60 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। पोस्टर की थीम 'महिलाओं एवं बच्चों की तस्करी और बाल श्रम' थी। वाद-विवाद प्रतियोगिता का शीर्षक 'क्या लैंगिक समानता प्राप्त की जा सकती है' था। विभागाध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत की। विभाग की डॉ. रोली मिश्र ने कार्यक्रम का संयोजन किया। डॉ. अशोक कुमार कैथल व डॉ. शशीलता सिंह ने सहयोग किया। प्रो. संगीता रानी और डॉ. कमर इकबाल पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक रहे, जबकि डॉ. अनुपमा सिंह एवं डॉ. माद्री ककोटी ने वाद-विवाद प्रतियोगिता को जज किया। पोस्टर प्रतियोगिता में स्तुति अस्थाना, रोशनी रावत, अंशी शर्मा और शिवांगी आर्य को क्रमश: प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार मिला। वाद विवाद प्रतियोगिता में राज तिवारी और सूर्यांशी निगम विजयी रहे।

VISHWAVARTA PAGE 5

# विद्यार्थी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दें : प्रो . आलोक

विश्ववार्ता संवाद



**लखनऊ।** बोरा इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज निकट बृज की रसोई सीतापुर रोड में मंगलवार को बीएड, बीएलएड, बीकॉम एवं बीबीए के सत्रारम्भ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुलपति लविवि प्रो आलोक कुमार राय के अलावा प्राक्टर प्रो दिनेश कुमार व राज्य समन्वयक बीएड प्रवेश परीक्षा की प्रो अमिता बाजपेई, सीडीसी लविवि प्रो अवधेश त्रिपाठी , एवं डिपार्टमेन्ट ऑफ मैनेजमेन्ट के प्रमुख संजय मेधावी उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ कालेज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत से हुआ। कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने सर्वप्रथम लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दीक्षान्त समारोह में चान्सलर कांस्य पदक विजेता बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्रा पलक मिश्रा को प्रमाण पत्र एवं पारितोषिक देकर सम्मानित किया। तदुपरान्त उन्होंने नवागत छात्र/छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए शिक्षा के उदेश्यों तथा उसके व्यवहारिक ज्ञान पर प्रकाश डाला।

# एलयू ने परीक्षा फॉर्म भरने का दिया एक और मौका

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने छूटे हुए छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरने का एक और मौका दिया है। ऐसे छात्र जिन की परीक्षाएं मई जून 2020 में होनी थी, लेकिन बार-बार आदेश के बावजूद परीक्षा फॉर्म नहीं भरे उन्हें 21 दिसंबर तक फॉर्म भरने का मौका दिया गया है। ऐसे सभी छात्रों को 500 रुपए विलंब शुल्क देना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है कि यह अंतिम मौका है। इसके बाद किसी को भी अवसर नहीं दिया जाएगा। बता दे कोरोना संक्रमण के चलते बीते दिनों सिर्फ अंतिम वर्ष की परीक्षाएं कराई गई थी। अन्य छात्रों को अगली कक्षा में प्रमोट किया गया। इसके बावजूद कई ऐसे छात्र हैं जिन्होंने अभी तक यह परीक्षा फॉर्म नहीं भरा था।

## फीस जमा करने का अन्तिम अवसर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमएड और एमपीएड की ओवरऑल मेरिट लिस्ट मंगलवार को जारी कर दी है। यह सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी 16 दिसंबर शाम 5 बजे के बाद से अनलॉक पोर्टल के माध्यम से फीस जमा कर सकते हैं। वहीं, पीएचडी में प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों को भी फीस जमा करने की अन्तिम तिथि निर्धारित कर दी गई है । इन विषयों में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी अब 18 तक फीस जमा कर सकते हैं।

# बैक पेपर के लिए 21 तक कर सकते हैं आवेदन

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थी बैक पेपर व एक्जेम्प्टेड (छूटी) परीक्षाओं के ऑनलाइन आवेदन अब 21 दिसंबर तक कर सकते हैं। परीक्षा फॉर्म www.exam.luonline.in और www.lkouniv.ac.in पर भर सकते हैं। इसके लिए 500 रुपये विलंब शुल्क भी देने होंगे।

लविवि के सभी संकायों में निर्धारित तिथि तक फॉर्म ऑनलाइन जमा किए जाएंगे। इसके बाद परीक्षा फॉर्म सूचीबद्ध कर 24 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से विवि के परीक्षा विभाग को उपलब्ध करवाए जाएंगे। महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं को भरे गए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म का प्रिंट आउट तथा परीक्षा शुल्क अपने संस्थान में जमा करने होंगे। इसके बाद कॉलेज परीक्षा फॉर्मों की सूची और परीक्षा शुल्क 24 दिसंबर तक विवि को उपलब्ध करवाएंगे।

### इन कक्षाओं के विद्यार्थियों को मिलेगा मौका

बीए, बीएससी, बीकॉम (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) एवं पीजी/प्रबंधन पीजी/पीजी डिप्लोमा/प्रबंधकीय यूजी/विधि (त्रिवर्षीय/आनर्स)/ डिप्लोमा/बीकाम (आनर्स)/बीसीए, एमसीए, बीएससी, एमएससी (एग्रीकल्चर), बीएएमएस, बीयूएमएस एवं अन्य सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के नियमित/बैक पेपर/ इंप्रूवमेंट एवं इक्जेम्प्टेड परीक्षा फॉर्म।

NBT PAGE 4

# बीएड प्रवेश : पूल काउंसलिंग कल से

■ **एनबीटी, लखनऊ :** यूपी संयुक्त बीएड काउंसलिंग में कॉलेज में एडमिशन के लिए चार चरणों की काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

वहीं करीब, एक लाख के अधिक खाली सीटों पर एडमिशन के लिए ऑनलाइन पूल काउंसिलिंग गुरुवार से शुरू की जाएगी। इसके लिए सबसे पहले पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू होगी। बीएड प्रवेश की राज्य प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता वाजपेयी ने बताया काउंसलिंग प्रक्रिया में केवल वही अभ्यर्थी हिस्सा कर सकेंगे, जिन्होंने मुख्य काउंसिलिंग में भाग नहीं लिया था या फिर भाग लेने के बाद भी उन्हें कोई सीट आवंटित नहीं हो पाई थी।

JAGRAN CITY PAGE III

# लविवि में विद्यार्थियों को मिलेगी अंशकालिक नौकरी

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय कर्मयोगी छात्रवृत्ति का पंजीकरण पहली बार शुरू करने जा रहा है। इसके तहत विश्वविद्यालय में ही विद्यार्थियों को अंशकालिक नौकरी मिलेगी, जिससे उनकी पढ़ाई का खर्च निकल सकेगा। इसके अलावा एक अन्य छात्रवृत्ति गरीब विद्यार्थियों को मिलेगी। दोनों के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। लविवि की वेबसाइट पर दोनों छात्रवृत्ति की जानकारी ली जा सकती है।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने छात्रों के कौशल को विकसित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए पहल की है। विश्वविद्यालय परिसर में अंशकालिक नौकरियों को लेने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करेगा, ताकि वे कर्मयोगी योजना के तहत अपना खर्चा उठा सकें।

## यहां मिलेगा मौका

- प्रयोगशाला में उपकरण/ मशीनरी, इसके रखरखाव और उपकरणों के भंडारण के उद्देश्यों के लिए छात्रों को प्रशिक्षक के रूप में लगाया जा सकता है।
- प्रयोगशाला सामान की खरीद और स्टॉक रजिस्टर और अन्य प्रयोगशाला रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए व्यावहारिक कक्षाओं में संलग्न किया जा सकता है।
- लाइब्रेरी में भी छात्रों को रखा जाएगा। जैसे- पुस्तकों और पत्रिकाओं के रखरखाव एवं प्रदर्शन, उनकी मरम्मत और बाइंडिंग आदि काम में।
- छात्र विभिन्न कार्यालयों में संलग्न हो सकते हैं, जैसे कि स्टेटमेंट तैयार करने, डेटा के संकलन, विश्लेषण और छात्र-संकाय रिकॉर्ड रखने में।
- कंप्यूटर सेंटर में डेटा एंट्री, डेटा मैनेजमेंट और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में भी उन्हें लगाया जा सकता है।
- छात्रावास या मेस छात्रों को हॉस्टल रिकॉर्ड बनाए रखने में मदद ली जाएगी।
- विभागीय गतिविधियों में शिक्षकों की सहायता के लिए भी छात्र लगाए जाएंगे।
- सीनियर छात्र डे केयर सेंटर की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।



### 15 हजार की छात्र कल्याण स्कॉलरशिप

गरीब विद्यार्थियों के लिए छात्र कल्याण स्कॉलरशिप भी है, जिसमें विद्यार्थियों को 15 हजार रुपये सालाना या उनके कोर्स की एक साल की फीस दोनों में से जो भी कम होगी, दी जाएगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों की सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध है। शीघ्र ही इनके लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इसके लिए इस लिंक https//t.co/®O}8nLOtJ| के जरिए जानकारी ली जा सकती है।